द्वाराः ई–मेल

प्रेषक,

संयुक्त सचिव,
शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0),
अपर आमवाला, देहरादून।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / कार्य0 प्रधानाचार्य / समन्वयक,
परिषद् से सम्बद्ध समस्त राजकीय / राज0 महि0 / सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थान,
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः 557/ उप्राशिप / जीप–2025 / प्रवेश / 2025–26 दिनांक 13 अगस्त, 2025

**विषयः जीप– 2025 के अन्तर्गत (जीप रैंकधारी / पाठ्यक्रमवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित अभ्यर्थियों द्वारा) संस्था स्तर पर काउंसिलिंग एवं द्वितीय वर्ष में लैटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश दिये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद् पत्रांक 506 / उप्राशिप / जीप–2025 / प्रवेश / 2025–26 दिनांक 30 जुलाई, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रथम वर्ष एवं लैटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिये जाने हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 14 अगस्त, 2025 निर्धारित की गयी थी।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) ,नई दिल्ली द्वारा दिनांक 11 अगस्त, 2025 को संशोधित शैक्षणिक कैलेण्डर जारी कर सत्र 2025–26 में प्रवेश प्रदान किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 15 सितम्बर, 2025 निर्धारित की गयी है। अतः परिषद् से सम्बद्ध समस्त डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष एवं लैटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिये जाने हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 15 सितम्बर, 2025 तक विस्तारित की जाती है। प्रवेश हेतु पूर्व में जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में ही रिक्त सीटों को भरें जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः विज्ञापन की प्रति।**

भवदीय,

(डा0 मुकेश पाण्डेय)
संयुक्त सचिव

# राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में आयोजित की जाने वाली संस्था स्तरीय काउंसिलिंग (SPOT COUNSELLING) सूचना।

## हाई स्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश "पहले आओ पहले पाओ" के अनुसार।

**जीप–2025 रैंकधारियों/पाठ्यक्रमवार न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित अभ्यर्थियों के लिये मैरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है।**

**प्रवेश प्रदान किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 15 सितम्बर, 2025।**

"डिप्लोमा कोर्स में उपलब्ध सीटों का विवरण सम्बन्धित संस्थानों से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।"

**प्रवेश हेतु संस्था स्तरीय काउंसिलिंग की तिथि**

| | | |
|---|---|---|
| पॉलीटेक्निक संस्थानों में सीटें रिक्त रहने की दशा में सीधे आवेदन /विकल्प दिये जाने की तिथि। | दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक (केवल कार्यदिवसों में/अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन। | प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आवेदन/विकल्प पत्र जमा करवाया जायेगा। आवंटन/चयन सूची का प्रकाशन अपराह्न 01.00 बजे संस्थान के नोटिस बोर्ड पर किया जायेगा तदोपरान्त अपराह्न 01.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करवाया जायेगा। |

विशेष नोटः– राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में यदि किसी भी डिप्लोमा कोर्स में सीटें रिक्त हैं तो अनिवार्य वांछित अर्हता धारित अभ्यर्थी **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किसी भी डिप्लोमा कोर्स में सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

विज्ञापन सं0 559 /उप्राशिप/जीप– 2025/काउं0सू0/2025–26 दिनांक 13/08/2025 सचिव

## उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्

**शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आई0आर0डी0टी0), अपर आमवाला, देहरादून**